# डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में | By Amit Kalra Meetu

लग जाएंगे चार चाँद तेरी हस्ती में
ज़रा डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में
बम भोले का लगा के नारा बस्ती बस्ती में
ज़रा डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में

डमरू की धुन पे नाचे नन्दी असवारी
धरती अम्बर सब कहते जय जय त्रिपुरारी
सृष्टि का ये भार समेटे अपनी शक्ति में
ज़रा डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में

बैठा है कैलाश के ऊपर लगा धूनी ये
देवो में महादेव बड़े हैं बड़े गुणी ये
शिव गुण गाओ शिव को ध्याओ रम के भक्ति में
ज़रा डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में

भोले के सब भक्त है भोले ध्यान ये रखता
भोले भाले भक्तों का कल्याण ये करता
सुख भोले के चरण में सोनू फंसा गृहस्थी में
ज़रा डूब के देख ले तू भोले की मस्ती में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a1%e0%a5%82%e0%a4%ac-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%8d/